## Headline

1. 'आप पहले अपने नियम को देखें': रूस से तेल खरीदने पर फिर उठा सवाल, विदेश मंत्री ने EU को दिया करारा जवाब
2. Karnataka: एक बार फिर कांग्रेस की बैठकों का दौर शुरू, आज हो सकता है मुख्यमंत्री के नाम का एलान
3. Vladimir Putin: यूक्रेन में रहकर रूस के लिए लड़ने वालों को मिलेगी नागरिकता, पुतिन ने जारी किया फरमान
4. Quad: अमेरिका की वजह से ऑस्ट्रेलिया ने रद्द की क्वाड की बैठक, अगले हफ्ते हिस्सा लेने जाने वाले थे PM मोदी
5. France: हिंसक हुए पेंशन सुधार के खिलाफ प्रदर्शन, उपद्रवियों ने राष्ट्रपति की पत्नी के परिवार पर किया हमला
6. Uttarakhand Weather: बदलेगा मौसम का मिजाज, पहाड़ से मैदान तक दो दिन बारिश का येलो अलर्ट

गुरूगृह गयउ पढन रघुराइ । अलपकाल विद्या सब आई ।।
जाकी सहज स्वास श्रुति चारि । सो हरि पढ यह कौतुक भारि ।।

(मानस आचार्य | राम कथा 917- गांधीनगर, गुजरात | मोरारी बापू)


दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 307 | इंदौर, बुधवार 17 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### The Kerala Story

# फिल्म के कारण हमारे ठिकानों पर हुआ अटैक

## मौत से बचने भागना भी पड़ा... 'द केरल स्टोरी' की टीम ने सुनाए अनुभव




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल ।** मुझे फिल्मों के प्रति बचपन से ही लगाव था। मैंने इसके लिए अपनी पढ़ाई तक छोड़ी दी थी। बाद में माता-पिता के समझाने पर पढ़ाई शुरू की। मुंबई के नटराज गोपी कृष्णा कथक नृत्य अकादमी से कथक में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। यह कहना है अभिनेत्री अदा शर्मा का। वो और उनकी द केरला स्टोरी की टीम मंगलवार को भोपाल में थी। सबसे पहले यह टीम माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय पहुंची और विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके बाद उनकी टीम ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ फिल्म भी देखी।

अदा ने बताया कि शुरुआत में मेरा फिल्मी करियर आसान नहीं था। बालीवुड में जगह बनाने के लिए मैंने तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। अदा ने द करेला स्टोरी के बारे में बताया कि इस फिल्म के लिए काफी मेहनत की है। फिल्म की पूरी टीम ने सपोर्ट किया। अदा ने कहा कि ये फिल्म आतंकवादियों के खिलाफ है। इसलिए उन्हें फिल्म से समस्या जरूर होगी। अदा के अलावा फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल शाह, लेखक सूर्यपाल सिंह ने भी विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।

### भारत की आवाज बनी है फिल्म : सुदीप्तो सेन

फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कहा कि इस फिल्म ने इतिहास रच दिया है। यह मुद्दा दो दशकों से चल रहा था, लेकिन किसी ने इस पर काम नहीं किया और न ही हिम्मत दिखाई। आज यह फिल्म भारत की आवाज बन चुकी है। यह फिल्म आतंकवाद के खिलाफ है, मजहब के खिलाफ नहीं। यह फिल्म बनाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन पर होटल में अटैक हुआ। उन्हें भागना भी पड़ा। लोगों का इस फिल्म के प्रति लगाव ही हमारी असली पूंजी है।

### कई पुस्तकें पढ़कर लिखी फिल्म : सूर्यपाल सिंह

फिल्म के निर्माता विपुल शाह ने कहा कि आप लोगों की वजह से ही आज ये फिल्म इस मुकाम पर पहुंची है। यह एक रियल स्टोरी है जो तीन लड़कियों की सच्ची कहानी पर बनाई गई है। फिल्म के लेखक सूर्यपाल सिंह ने कहा कि वे मध्यप्रदेश के धार जिले से हैं और यह फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि सच्चाई है। सच को, सच के जैसे कैसे प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की। काफी पुस्तकों का अध्ययन किया।

# बारिश और आंधी की चेतावनी

## पारा 3 डिग्री गिरा, 37.6 पर आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंगलवार के दिन तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 43 डिग्री सेल्सियस तक जाने वाला पारा अब 37.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में यह गिरावट मोका तूफान के कारण मौसम बदलने से आई है। यह स्थिति अगले 3 से 4 दिन तक बनी रहेगी। शहर का तापमान 40 डिग्री के नीचे ही रहेगा। बादल छाए रहेंगे और तेज आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।**

मौसम विभाग के अनुसार पिछले हफ्ते से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। 14 मई को दिन का तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस था। 15 मई को यह घटकर 39.4 डिग्री सेल्सियस हो गया और अब 16 मई को 37.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, अनूपपुर, सिवनी, मंडला और छिंदवाड़ा में भी बूंदाबांदी होने के आसार हैं। वहीं, इंदौर-उज्जैन समेत अन्य शहरों में तेज गर्मी है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि मंगलवार से प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो गया है। इस कारण ग्वालियर, चंबल, सागर समेत अन्य संभागों में 20 मई तक हल्की बारिश हो सकती है।

### इन शहरों में हो सकती है बारिश

प्रदेश में बारिश और बादल छाए रहने से शहर में दिन के तापमान में 1 से 2 डिग्री तक गिरावट आई है। शाम तक ग्वालियर, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, गुना, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना और टीकमगढ़ में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। जबलपुर, अनूपपुर, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा में भी बूंदाबांदी होने के आसार हैं।

### आने वाले दिनों में लुढ़केगा पारा

मई माह के पहले और दूसरे हफ्ते की बात करें तो गर्मी के कहर से लोगों का जीना मुश्किल था। अब प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बता दें कि कुछ दिनों पहले तक इंदौर में पारे का प्रचंड प्रहार था। तापमान 43 डिग्री तक दर्ज किया गया था। लेकिन अब अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है।

# काली पट्टी बांधकर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने किया विरोध, 2 जून से करेंगे हड़ताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विभिन्न मांगों को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कर्मचारी आंदोलन करने में लगे हैं। शासन के खिलाफ विरोध जताते हुए कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। 20 मई तक रोजाना एक घंटा काम का बहिष्कार किया जाएगा। इसके चलते विश्वविद्यालय में आने वाले विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। मार्कशीट, माइग्रेशन, डिग्री, ट्रांसक्रिप्ट से जुड़ा काम प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने वाले हैं।**

प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों-शिक्षकों एवं अधिकारियों की नौ सूत्री मांगें नहीं मानने पर 15 मई से कर्मचारी संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने में लगे हैं। विश्वविद्यालय में 15 से 20 मई तक रोजाना कर्मचारी एक घंटे काम का बहिष्कार करेंगे। इसके बाद 21 से 25 मई तक प्रतिदिन दो घंटे काम बंद रखा जाएगा। 26 से 31 मई तक आधे दिन हड़ताल की जाएगी। वहीं, 2 जून से अनिश्चितकाली हड़ताल करेंगे। देवी अहिल्या गैर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. चैनसिंह यादव ने कहा कि आंदोलन प्रदेशभर में चल रहा है। मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा है।

# इंदौर-वैष्णोदेवी स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए फेरे

## ● अब दोनों दिशाओं में लगेंगे सात-सात फेरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पश्चिम रेलवे ने ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को देखते हुए इंदौर से वैष्णोदेवी तक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की थी। ट्रेन पहले दोनों दिशाओं में दो-दो फेरे लगाने वाली थी, लेकिन वैष्णोदेवी जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हैं, इसलिए ट्रेन के फेरों में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अब दोनों शहरों में सात-सात फेरे पूरे करेगी।**

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान गाड़ियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर इंदौर से वैष्णोदेवी कटरा के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09321 इंदौर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 17 मई से 28 जून तक इंदौर से प्रतिदिन बुधवार को रवाना होगी। इंदौर से रात्री 11.30 बजे रवाना होकर, देवास, उज्जैन, नागदा होते हुए शुक्रवार को रात्री 12.30 कटरा पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09322 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-इंदौर स्पेशल एक्सप्रेस 19 मई से 30 जून तक श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा से प्रति शुक्रवार को 3.50 बजे चलकर शनिवार को 7.30 बजे इंदौर पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जंक्शन, मथुरा जंक्शन, दिल्ली सफदरजंग, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मूतवी एवं उधमपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में तीन सेकंड एसी, 12 थर्ड एसी इकोनॉमी क्लास, तीन स्लीपर एवं 02 सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

# आम आदमी प्रदेश में 230 सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

## पार्टी के चार सह प्रभारी प्रदेश में खंगाल रहे संभावनाएं; भ्रष्टाचार, महंगाई सहित कई मुद्दे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव की हलचल अब तेज होने लगी है। उसमें भी तीसरे मोर्चे के लिए पार्टियों की अब सक्रियता ज्यादा हो गई है। हाल ही में जयस ने दावा किया कि इस बार प्रदेश में 80 सीटों पर उनके प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। इसी कड़ी में अब आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि वह सभी 230 पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।**

उनका मुख्य मुद्दा मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में चल रहा भ्रष्टाचार व महंगाई को हटाना है। पार्टी ने मप्र में संभावनाएं तलाशने व तैयारियों के लिए चार सह प्रभारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें एक पंजाब के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा भी हैं जो अभी मालवा की स्थितियों का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम मध्य प्रदेश में आप की सरकार बनाएंगे क्योंकि प्रदेश में नगर निगम से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार है। प्रदेश के लोग भाजपा और कांग्रेस से परेशान हैं और वे बदलाव चाहते हैं। इसकी तैयारियां चल रही है और कई स्थानों पर वार्ड अध्यक्ष भी नियुक्त कर दिए हैं। लालपुरा ने कहा कि प्रदेश के लोगों ने तो भाजपा पर पिछली बार भी विश्वास नहीं किया था। वो तो इधर-उधर से (ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों के साथ भाजपा में जाने) सरकार बना ली। इस बार जनता भाजपा को दरकिनार कर देगी। हम वादे वे ही करेंगे जो पूरे कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा व कांग्रेस से जुड़े कई नेता हैं जो आम आदमी पार्टी में आना चाहते हैं। अभी उनके नामों का खुलासा नहीं किया जा सकता। इसमें वोटर्स, सपोर्टर दोनों हैं। हमारी पार्टी प्रदेश के जिन क्षेत्रों की जो-जो समस्याएं हैं उन्हें प्राथमिकता से हल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गठबंधन की सरकार की स्थिति नहीं दिखती।

### जिले की 14 ग्राम पंचायतों में खुलेंगी उचित मूल्य दुकानें

इंदौर। इंदौर जिले की 14 ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकानें खोली जानी हैं। दुकानें चलाने के लिए इच्छुक संस्थाएं आनलाइन आवेदन 25 मई कर सकेंगी। जिला आपूर्ति नियंत्रण एमएल मारू ने बताया कि सांवेर जनपद पंचायत क्षेत्र की चार पंचायतों में दुकानें खोली जाएंगी। इसी तरह जनपद पंचायत देपालपुर में 10 दुकानें खोली जाएंगी।

# 450 यात्रियों को लेकर रवाना हुई भारत गौरव पर्यटन ट्रेन, स्टेशन पर हुआ स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय रेलवे द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश की संकल्पना को प्रोत्साहित करते हुए भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत पर्यटन ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।**

आईआरसीटीसी इंदौर से दो ट्रेन संचालित करेगी। पहली ट्रेन मंगलवार दोपहर तीन बजे इंदौर से रवाना हुई। इंदौर से पुरी-गंगासागर भव्य काशी यात्रा के लिए करीब 450 यात्री ट्रेन से रवाना हुए। नौ दिन 10 रात की यात्रा रहेगी, जिसमें यात्रियों के ठहरने और खाने की व्यवस्था रेलवे द्वारा की जाएगी। इस यात्रा में रुकने और ठहरने के अलावा तीन समय खाने की व्यवस्था रहेगी। पर्यटन स्थलों तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था भी की गई है, ताकि यात्री आसानी से दर्शन कर सकें। पश्चिम रेलवे के पीआरओ हेमराज मीणा ने बताया कि मंगलवार को इंदौर से पुरी जाने वाली पर्यटन ट्रेन रवाना हुई। इससे पहले प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन से जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया गया।

### प्रदेश के इन स्टेशनों पर रुकेगी

यह ट्रेन मध्य प्रदेश के इंदौर रेलवे स्टेशन से रवाना होकर उज्जैन, रानी कमलापति, इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशन से होते हुए जाएगी। यहां से भी यात्री ट्रेन में सवालों सकेंगे। यात्रा के दौरान पुरी, गंगासागर, कोलकाता, वेदनाथ, वाराणसी, अयोध्या के दर्शन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए तीन वातानुकूलित और आठ शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे।

### दक्षिण दर्शन यात्रा भी होगी रवाना

आईआरसीटीसी द्वारा 29 मई को इंदौर से रामेश्वरम तिरुपति दक्षिण दर्शन यात्रा शुरू की जाएगी। इसमें देवास, उज्जैन, शाजापुर, रानी कमलापति, इटारसी, बेतूल एवं नागपुर के यात्री बैठ सकेंगे।

# प्लास्टिक रिसाइकल फैक्टरियों को 15 दिन में उपचारित पानी की व्यवस्था सुधारने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में कई प्लास्टिक रिसाइकल करने वाली कंपनियां ड्रेनेज लाइन में पानी को उपचारित करने बगैर छोड़ रही है और उसमें प्लास्टिक का कचरा भी पहुंच रहा है। सोमवार को मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सांवेर की प्लास्टिक रिसाइकल कंपनियों के साथ बैठक की गई और उन्हें निर्देशित किया गया। वे अपने परिसर में उपचारित पानी का संयंत्र लगाएं और गंदा पानी सीवरेज लाइन में न छोड़ें।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 15 दिन बाद फैक्टरियों की आकस्मिक जांच की जाएगी, जिसमें यदि कोई प्लास्टिक रिसाइकल फैक्ट्री द्वारा गंदा पानी सीवरेज लाइन में छोड़ते हुए पाया गया तो कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने के लिए उद्योगपतियों ने ली शपथ-** मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सोमवार को सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र की 60 प्लास्टिक रिसाइकल कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की गई और उन्हें मिशन लाइफ प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियां अपने परिसर में करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी को पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की शपथ भी दिलवाई गई। इसके अलावा सभी फैक्टरियों को अपने कर्मचारियों को एलईडी लाइट वितरित करने, कपड़े के झोले उपलब्ध करवाने व पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए।

जनवरी में शहर में हुई ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आइशर कंपनी ने पीथमपुर में तैयार हुई इलेक्ट्रिक बस को प्रदर्शित किया था। सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र की 60 प्लास्टिक रिसाइकल कंपनियों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई गई।

# सात साल बाद स्ववित्त शिक्षकों को मिली पदोन्नति, खुले लिफाफे

**इंदौर।** लंबे इंतजार के बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं के स्ववित्त शिक्षकों को पदोन्नत कर दिया। मंगलवार को कुलपति डा. रेणु जैन ने 16 शिक्षकों को पदोन्नति पत्र सौंपे, जिसमें कुछ शिक्षकों को रीडर से प्रोफेसर बनाया गया, वहीं, कुछ एसोसिएट प्रोफेसर बनाए गए हैं। तीन शिक्षकों की ग्रेड बढ़ाई है। ये सारे शिक्षक बीते सात साल से अपने लिफाफे खुलने का इंतजार कर रहे थे। इसमें आइएमए, आइआइपीएस, आइईटी के अधिकांश शिक्षक शामिल हैं। दरअसल, 2012-13 में कई शिक्षकों को पदोन्नत किया जाना था। स्ववित विभागों में पदस्त इन स्ववित शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम (केस) के नियमों के चलते लाभ मिला था, लेकिन साढ़े तीन साल बाद अगस्त 2016 में इनकी पदोन्नति को लेकर साक्षात्कार करवाए गए।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# चरित्र शंका में पत्नी की निर्मम हत्या, पति ने भी फांसी लगाकर जान दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम/आलोट। एक युवक ने आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद में फर्सा, कुल्हाड़ी आदि हथियार से वारकर पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवक ने चरित्र शंका को लेकर पत्नी की हत्या की है।**

जानकारी के अनुसार किसान 32 वर्षीय बालूसिंह पुत्र सरदारसिंह निवासी नयाखेड़ा ग्राम तालोद व उसकी पत्नी 32 वर्षीय तेजूबाई के बीच आए दिन किसी ने किसी बात को लेकर विवाद होते थे। सोमवार व मंगलवार की दरमियानी रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ और बालूसिंह ने डंडा, फर्सा, कुल्हाड़ी आदि हथियारों से पत्नी पर बेरहमी से वारकर हत्या कर दी। उसके प्रायवेट पार्टों पर भी गंभीर चोट पहुंचाई गई।

इसके बाद उसने घर की छत पर लगी लकड़ी से रस्सी बांधी और फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह कोई रिश्तेदार बालूसिंह के घर की तरफ गया तो दरवाजा अंदर से बंद था तथा खिड़की खुली हुई थी। उसने अंदर झांककर देखा तो तेजूबाई का शव खून से सना होकर जमीन पर पड़ा हुआ था तथा बालूसिंह फंदे पर लटका हुआ था।

उसने सरपंच सुरेश पोरवाल को जाकर जानकारी दी। पोरवाल ने आलोट पुलिस को सूचना दी। एसडीओपी शाबेरा अंसारी व थाना प्रभारी शिवमंगलसिंह सेंगर दल के साथ मौके पर पहुंचे और रतलाम से एफएसएल अधिकारी डा. अतुल मित्तल को बुलाया। इसके बाद दरवाजा तोड़कर पुलिस अधिकारियों ने जांच की। जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए आलोट के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया।

### बच्चे नहीं थे घर पर

बालूसिंह के दो बच्चे हैं। पुत्र नौ वर्ष का तथा पुत्री छह वर्ष की। दोनों एक दिन पहले ही पास के गांव निपानिया राजगुरु में अपनी मौसी व मामा के घर गए हुए थे। पुत्र ने पुलिस को बताया कि पापा आए दिन शराब पीकर मम्मी से चरित्र पर आरोप लगाकर विवाद व मारपीट करते थे। घटना के एक दिन पहले भी पापा ने मम्मी से विवाद किया था। इसके बाद वह बहन के साथ मौसी के घर चला गया था।

### ● हथियार जब्त, जांच जारी

थाना प्रभारी शिवमंगलसिंह सेंगर ने मीडिया को बताया कि दरवाजा तोड़कर बालूसिंह के घर में गए तो नीचे फर्श पर तेजूबाई पड़ी थी और बालूसिंह फंदे पर लटका हुआ था। कमरे में ही खून से सना फर्सा, कुल्हाड़ी, डंडा आदि पड़े हुए थे। हथियारों को जब्त कर लिया गया है। पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप गए हैं।प्रारंभिक जांच में चरित्र शंका को लेकर हत्या करने की बात सामने आई है। जांच की जा रही है।

# लाड़ली बहना योजना के लिए 6400 आपत्तियां, 31 मई को अंतिम सूची जारी होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लाड़ली बहना योजना में पात्रता को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग को छह हजार चार सौ आपत्तियां आनलाइन प्राप्त हुई हैं। आपत्तियों की संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि लोगों ने जिलों में आफलाइन भी आपत्तियां दर्ज कराई हैं।**

इनमें से अधिकांश शिकायतें पात्रता नहीं होते हुए भी आवेदन करने की हैं। हालांकि इनमें प्रमाण नहीं दिए गए हैं। 31 मई तक आपत्तियों का परीक्षण किया जाएगा और उसी दिन पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। सरकार 10 जून को महिलाओं के बैंक खाते में योजना के एक हजार रुपये जमा कराएगी।

प्रदेश में 25 मार्च से योजना के आवेदन भरने शुरू हुए और 30 अप्रैल तक एक करोड़ 25 लाख 33 हजार 145 आवेदन जमा कराए गए हैं। पात्रता को लेकर लोगों को एक से 15 मई तक आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया गया था।

इस अवधि में छह हजार चार सौ आपत्तियां आनलाइन आई हैं, जबकि जिलों में आई आफलाइन शिकायतों को डाटा मांगा गया है। दोनों को मिलाकर आपत्तियों की संख्या 10 हजार के आसपास हो सकती है। मंगलवार से आपत्तियों का परीक्षण शुरू हो गया है, जिनकी सुनवाई कर 31 मई तक निराकरण कर दिया जाएगा। सरकार 10 जून को पहली बार महिलाओं के बैंक खातों में राशि जमा कराएगी। इसके बाद हर माह 10 तारीख को ही राशि खातों में पहुंचेगी।

# अब प्रसव पूर्व जांच के लिए अस्पताल आने वाली महिलाओं की काउंसलिंग होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान कई मानसिक समस्याएं होती हैं। प्रसव पीड़ा के डर से वे तनाव में रहती हैं। उन्हें यह भी चिंता रहती है कि आने वाली संतान को कोई विकृति तो नहीं होगी। इसका असर गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने से महिलाओं को दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं जैसे अनिद्रा, पेट की समस्या आदि होने लगती हैं। इससे उन्हें उबारने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) जून या जुलाई से कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसे मेंटल हेल्थ माड्यूल नाम दिया गया है। इसमें उनकी समस्याओं की पहचान कर काउंसलिंग की जाएगी। आवश्यकता होने पर दवाएं भी दी जाएंगी। एनएचएम के अधिकारियों ने बताया कि इसमें प्रसव पूर्व जांच के लिए आने वाली महिलाओं की काउंसलिंग की जाएगी। इससे उनकी समस्या पता चलेगी। फिर उनकी बीमारी के अनुरूप काउंसलिंग की जाएगी। इस तरह की पहल करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। इसके लिए हर जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कक्ष बनाया जाएगा। प्रशिक्षण देकर काउंसलर्स को पदस्थ किया जाएगा। जिन महिलाओं में मानसिक बीमारियों के लक्षण मिलेंगे उनकी नियमित काउंसलिंग की जाएगी।

### मानसिक स्वास्थ्य सबसे ज्यादा होता है प्रभावित

एनएचएम की उप संचालक डा. अर्चना मिश्रा ने बताया कि जो महिलाएं पहली बार गर्भधारण करती हैं, उन्हें तो अनुभव नहीं होता लेकिन जिनकी कई संतान हैं। पहले से बेटियां हैं और अब वे बेटा चाहती हैं, नौकरी कर रही हैं तो प्रसव के बाद नौकरी के साथ किस तरह बच्चे की देखभाल करेंगी और गर्भावस्था के दौरान शरीर में भी कई बदलाव आते हैं, इस तरह के सवालों के कारण वे चिंता और तनाव में रहती हैं।

# सीएम शिवराज सिंह चौहान और मंत्रियों ने देखी द केरला स्टोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। आतंकवाद और लव जिहाद के घिनौने चेहरे को फिल्म द केरला स्टोरी उजागर करती है। हमारी बेटियों के वर्तमान और भविष्य को बर्बाद कर जिहाद की आग में झोंकने वालों के षडयंत्र को देख समने लगा है। इस अति महत्वपूर्ण विषय को समाज के सामने प्रस्तुत करने का साहसपूर्ण काम करने के लिए फिल्म से जुडी पूरी टीम को बधाई देता हूं। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कही।**

उन्होंने धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ड्राइव इन सिनेमा में फिल्म देखी। इस दौरान फिल्म की टीम भी उपस्थित थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फिल्म को सभी को देखना चाहिए। हमारी बेटियां झूठे प्रेम के जाल में फंसकर ऐसी दुनिया में पहुंच जाती हैं, जहां उनकी जिंदगी नरक बन जाती है। प्रदेश में फिल्म को टैक्स से छूट दी गई है। सिनेमाघर संचालकों को इस छूट की राशि की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर सौजन्य मुलाकात करने पहुंची फिल्म की टीम का अंगवस्त्रम भेंटकर अभिनंदन किया।

इससे पहले सुबह मीडियो से बातचीत में गृहमंत्री डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय सिंह पर कहा कि मुगलिया संस्कृति के पैरोकार बंटाधार आप और आपके चेले कभी सनातन पर सवाल उठाते हैं कभी भगवा पर सवाल उठाते हैं भगवा को आतंकवाद बताते हैं, कभी हिंदू पर सवाल उठाते हैं, पर कभी जेएमडी और पकड़े गए आतंकवादियों पर कोई सवाल क्यों नहीं उठाते। पकड़े गए एययूटी के आतंकी के परिवार के बयान पर उन्होंने कहा कि जाकिर नाइक के भाषण सुनकर सौरभ ने धर्म परिवर्तन करने का निर्णय लिया था, इसका जबाव जाकिर नाइक को शांति दूत कहने वाले को देना चाहिए गृहमंत्री ने कहा कि कर्नाटक के परिणाम आए हैं, वहां नाटक शुरू हो गया, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हर रोज स्थितियां देखने को मिल रही हैं जहां भी इनकी सरकार बनती है वहां इस तरह के नाटक शुरू हो जाते हैं, उन्हें जनता से किसी प्रकार का कोई सरोकार नहीं रहता कांग्रेस गुटों में बंट जाती है।कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र देने पर बोले उम्रदराज नेता हैं दोनों ही 75 पार कर गए हैं कार्यकर्ताओं को नाम से पहचान नहीं पाते इसीलिए शायद पहचान पत्र जारी करने की जरूरत पड़ रही है।

केरला स्टोरी देखने पर उन्होंने कहा कि जो जिहादी लव को हथियार बनाते है उसके लिए एमपी ने कानून बनाया है, पर यह फिल्म दो पूरी जिहाद पर बनी है जिससे नई चीजें सामने निकलकर आएंगी।

कांग्रेस द्वारा बजरंगबली को धन्यवाद देने पर बोले कि बजरंगबली का राजनीतिकरण कांग्रेस कर रही है, गांधी परिवार के दामाद कह रहे थे कि बजरंगबली और हनुमानजी दोनों अलग अलग हैं और आज यह धन्यवाद देने जा रहे हैं रॉबर्ट वाड्रा क्या राहुल गांधी हैं।

# युवती से किया था प्रेम विवाह, पहली बार ससुराल आया तो मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। मुस्लिम युवती से प्रेम विवाह करने के बाद पहली बार ससुराल आए हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पत्नी के सामने ही उसे बेरहमी से पीटा गया। आरोप है कि सास, ससुर, साले ने उसे इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। वहीं मामले की पिपलौद थाना पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है।

राजस्थान के सीकर जिले के ग्राम खंडेल निवासी जितेंद्र उर्फ राजू पुत्र मंगलचंद सैनी की प्रेम कहानी का अंत हो गया। राजू करीब तीन साल पहले अपने साथियों के साथ खंडवा जिले के सिंगोट आया था। यहां वह नमकीन की होटल में काम करने लगा था। यहां उसकी मुलाकात अमरीन पुत्री मुमताज से हुई थी।

दोनों ने एक-दूसरे का साथ देने की कसम खाकर शादी कर ली। दोनों सिंगोट से भागकर खंडेल चले गए थे। इस बीच अमरीन ने एक बच्ची को जन्म दिया। इधर परिवार ने पिपलौद थाने में अमरीन की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पिपलौद पुलिस द्वारा तलाशने पर अमरीन राजू के साथ मिली थी। पुलिस द्वारा लिए गए बयान में अमरीन ने कहा था कि वह राजू के साथ ही रहेगी। इसके बाद दोनों साथ रह रहे थे।

### माता-पिता की याद आने पर घर आई थी अमरीन

अमरीन अपनी मां मुन्नीबाई और पिता मुमताज तथा भाइयों से मिलना चाहती है। इस पर एक माह पहले राजू उसे सिंगोट लाकर छोड़ दिया था। कुछ दिन बाद वह अमरीन और अपनी बच्ची को लेने पहुंचा लेकिन परिवार वालों ने उसे भगा दिया। इस पर युवक अपने घर नहीं गया और करीब 25 दिन से अपनी पत्नी और बेटी को ले जाने के लिए सिंगोट में रह रहा था। जब भी वह उन्हें लेने गया, उसके साथ मारपीट की गई। उसने पिपलौद थाने में शिकायत भी की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### ● अस्पताल में हुई मौत

13 मई को वह फिर से ससुराल गया, लेकिन इस बार उसे बेरहमी से पीटा गया। इसके बाद वह जैसे-तैसे पिपलौद थाने पहुंचा था। गुहार लगाई, लेकिन इस बार भी उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। सोमवार को तबीयत बिगडऩे पर उसे लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती किया था। यहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक डाक्टर अनीष अरझरे का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से राजू के साथ घटना घटी है। उसकी सुनवाई हो जाती तो आज वह जीवित होता।

### इनका कहना है

मारपीट में घायल राजू की मौत हो जाने पर मर्ग कायम कर जांच की गई। आरोपित सास-ससुर और साले पर हत्या का केस दर्ज किया है।

**- सत्येंद्र कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक**

MORARI BAPU



# साधु वह है जहां विविधता हो, विशिष्टता हो और विचित्रता हो।।

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### धीरेन्द्र वर्मा

**(जन्म- 17 मई, 1897, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 23 अप्रैल, 1973, प्रयाग)**

हिन्दी और ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक थे। जो कार्य हिन्दी समीक्षा के क्षेत्र में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किया, वही कार्य हिन्दी शोध के क्षेत्र में डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने किया था। धीरेन्द्र वर्मा जहाँ एक तरफ़ हिन्दी विभाग के उत्कृष्ट व्यवस्थापक रहे, वहीं दूसरी ओर एक आदर्श प्राध्यापक भी थे। भारतीय भाषाओं से सम्बद्ध समस्त शोध कार्य के आधार पर उन्होंने 1933 ई. में हिन्दी भाषा का प्रथम वैज्ञानिक इतिहास लिखा था। फ्रेंच भाषा में उनका ब्रजभाषा पर शोध प्रबन्ध है, जिसका अब हिन्दी अनुवाद हो चुका है। धीरेन्द्र वर्मा का जन्म 17 मई, 1897 को बरेली (उत्तर प्रदेश) के भूड़ मोहल्ले में हुआ था। इनके पिता का नाम खानचंद था। खानचंद एक जमींदार पिता के पुत्र होते हुए भी भारतीय संस्कृति से प्रेम रखते थे। वे आर्य समाज के प्रभाव में आये थे। धीरेन्द्र वर्मा पर बचपन से ही पिता के इन गुणों का और इस वातावरण का प्रभाव पड़ चुका था।

## संपादकीय

### अनुपात संतुलित रहे

अब महंगाई की दरों के नियंत्रण की स्थिति में आने के बाद उम्मीद की जा रही है कि केंद्रीय बैंक की ओर से रेपो दरों में कटौती हो सकती है। मगर महंगाई के मामले में ताजा रुख का हासिल तभी राहत का सबब बन सकता है, जब इसमें स्थिरता रहे और यह आम लोगों की आय और क्रयशक्ति की सीमा के अनुपात में संतुलित रहे। गौरतलब है कि अप्रैल में खुदरा महंगाई 4.70 फीसद रही, जो बीते अठारह महीने के दौरान इसका न्यूनतम स्तर है। अब थोक महंगाई भी ऋणात्मक 0.92 फीसद पर आ गई, जो पिछले करीब तीन साल में इसका न्यूनतम स्तर है। जाहिर है, थोक महंगाई की दर शून्य से भी नीचे जाना बाजार में वस्तुओं की आवक के लिहाज से सकारात्मक है और इसका स्वाभाविक असर वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ना चाहिए। कई बार थोक महंगाई का स्तर तो नीचे जाता है, लेकिन बाजार में वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है। लेकिन थोक के साथ-साथ खुदरा महंगाई के हाल के आंकड़ों में अगर स्थिरता बनी रही, तो इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। यह बदलाव इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि बीते ग्यारह महीने के दौरान आरबीआइ यानी भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से तय खुदरा महंगाई 'सहनीय स्तर से ऊपर ही रही थी। दरअसल, आरबीआइ को इसे चार फीसद तक सीमित रखने का लक्ष्य मिला हुआ है, जिसमें दो फीसद की कमी या बढ़ोतरी की गुंजाइश छोड़ी गई है। यानी यह दो से छह फीसद तक रहे, तब तक इसे नियंत्रण में माना जाता है, लेकिन इसमें असंतुलन होने पर आरबीआइ को हस्तक्षेप करना पड़ता है। कोरोना महामारी और पूर्णबंदी के असर से बाजार में जो स्थिति बनी थी, उसके बाद खाने-पीने से लेकर ज्यादातर जरूरत की चीजों की कीमतें बहुत सारे लोगों की पहुंच से दूर हो गई थीं।


**Quote...**

"ऐसे व्यक्ति को हमेशा संभालकर रखना जिसने आपको ये तीन चीजें दी हों...
**समय, समर्पण, प्रेम**"

## ज्ञान-विज्ञान

# मंगल ग्रह पर खुली किताब देख वैज्ञानिक हैरान

**अरबों साल पहले लाल ग्रह के पानी का है सबूत**



मंगल ग्रह पर नासा का क्यूरियोसिटी रोवर साल 2012 से ही मौजूद है। नासा का रोवर लाल ग्रह पर खोज कर रहा है। अब इस रोवर ने एक अजीबोगरीब खोज की है। मंगल ग्रह पर रोवर ने एक ऐसी चट्टान खोजी है, जो एक किताब की तरह दिखती है। इसे देख कर वैज्ञानिक हैरान रह गए। इसे टेरा फिरमे नाम दिया गया है। इस खोज से ग्रह पर पहले पानी की मौजूदगी से जुड़े कई सवाल खड़े हुए हैं। नासा के अधिकारियों ने बताया कि मंगल ग्रह पर चट्टानों के असामान्य आकार अक्सर अरबों साल पहले हुए जल गतिविधि का परिणाम होते हैं।



लंबे समय तक पानी की उपस्थिति से चट्टानों में दरार के कारण रिसाव हुआ। रिसाव के कारण इनमें कठोर खनिज जमा हो गया। जब पानी सूख गया तो हवा के कटाव के कारण नर्म चट्टान का क्षरण हुआ और सिर्फ कठिन पदार्थ ही बचा। इसके परिणामस्वरूप अनोखी आकृतियां मंगल की सतह पर दिखाई देती हैं। क्यूरियोसिटी के मार्स हैंड लेंस इमेजर (MAHLI) ने टेरा फिरमे की तस्वीर खींची। MAHLI के जरिए डिटेल इमेज खींची जाती है और महत्वपूर्ण डेटा इकट्ठा होता है।

### चट्टानों का सैंपल ले रहा रोवर

जेपीएल ने कहा, 'क्यूरियोसिटी रोवर गेल क्रेटर में अगस्त 2012 से ही खोज कर रही है।' वहीं मंगल ग्रह पर नासा का एक अन्य मिशन पर्सीवरेंस रोवर जेजेरो क्रेटर में खोज कर रहा है। पर्सीवरेंस रोवर मंगल ग्रह की चट्टानों पर ड्रिल करके प्राचीन जीवन के सबूत खोज रहा है। नासा का प्रयास है कि इन ट्यूब्स को वापस धरती पर लाया जाएगा। धरती पर लाने के बाद इसकी जांच की जाएगी। साल 2030 तक इसके पृथ्वी पर वापस आने की उम्मीद है।

### सैंपल वापस लाने का मिशन

मंगल ग्रह से कीमती नमूनों को धरती पर वापस लाने के लिए नासा का प्लान है कि एक अंतरिक्ष यान के साथ कुछ मिनी हेलीकॉप्टर भेजे जाएंगे। नासा मान कर चल रहा है कि सैंपल वापसी के मिशन में लंबा समय लग सकता है और तब तक शायद पर्सीवरेंस रोवर काम करना बंद कर दे। इसी संभावना को देखते हुए नासा ने सभी सैंपल की एक कॉपी ट्यूब मंगल की सतह पर गिरा दी है। अगर रोवर से सैंपल नहीं मिले तो एक हैलीकॉप्टर सतह के सैंपल उठाएगा।

## Highlights

1. Flawed understanding: Govt on US report criticising India over religious freedom
2. 'The Kerala Story' has manipulated facts, hate speech: West Bengal to Supreme Court
3. Death toll in blast at firecracker factory in Bengal rises to 9
4. QUAD summit cancelled after US President Joe Biden calls off Australia trip
5. Gautam Adani helps airlift Indian climber who fell from 6,000 m at mountain in Nepal
6. French First Lady's relative beaten up at family chocolate shop by protestors

# Vodafone to cut 11,000 jobs in 3 years as new CEO seeks 'simpler' organisation

**NEW DEIHI, (Agency).** British mobile giant Vodafone is to axe 11,000 jobs over three years in the latest cull to hit the tech sector, as new boss Margherita Della Valle slammed recent performance.

"Our performance has not been good enough," Vodafone chief executive Della Valle said alongside news of flat annual revenue at the phone group.

At 11,000 positions, Vodafone is seen axing more than 10 percent of its global workforce, which stood at 104,000 staff last year.

"To consistently deliver, Vodafone must change," Della Valle, a Vodafone veteran, added in a statement.

"We will simplify our organisation, cutting out complexity to regain our competitiveness," said the Italian national, recently appointed CEO on a permanent basis after a short spell as interim boss.

Vodafone's announcement follows the axing this year of tens of thousands of jobs across the global tech sector, including by Facebook parent Meta, as soaring inflation weakened the economy.

Della Valle's predecessor Nick Read stepped down in




early December after a four-year tenure marked by a steep fall in the company's share price.

He left with Vodafone in talks over merging its UK operations with rival Three UK, owned by Hong Kong-based CK Hutchison.

Media reports say a deal worth £15 billion ($18.7 billion) is close to completion.

Vodafone on Tuesday added that group revenue stood at 45.7 billion euros ($50 billion) in its financial year to the end of March, almost flat compared with 2021/22.

It added that net profit surged to 11.8 billion euros from 2.2 billion, reflecting its part-disposal of European mast division, Vantage Towers.

"We will be a leaner and simpler organisation, to increase our commercial agility and free up resources," the company said Tuesday.

It announced "11,000 role reductions planned over three years, with both HQ and local markets simplification".

Vodafone, which has more than 300 million mobile customers in Europe and Africa, is heavily focused on accelerating rollout of 5G in the UK.

Vodafone is banking on the merger of its UK operations with Three to expand broadband connectivity to rural communities and small businesses.

# Elon Musk to 'personally' approve future hirings at Tesla

**NEW DEIHI, (Agency).** Tesla Inc CEO Elon Musk has said that the company can make no new hires unless he personally approves them, including contractors, according to a copy of the email seen by Reuters.

According to the email, Musk told executives to send him a list of hiring requests on a weekly basis,



while also cautioning them to "think carefully" before submitting such requests.

"No one can join Tesla, even as a contractor, until you receive my email approval", Musk said in the email on Monday. Last month, the company posted its lowest quarterly gross margin in two years, missing market estimates, as it slashed prices aggressively in markets including the United States and China to spur demand and fend off rising competition.

Tesla did not immediately respond to Reuters' request for comment. Musk named former NBCUniversal advertising chief Linda Yaccarino as Twitter's new CEO last week. He said on Friday that hiring Yaccarino would allow him to spend more time to run Tesla.

The billionaire is expected to address Tesla shareholders on Tuesday at the automaker's annual meeting at its headquarters in Austin, Texas.

New Delhi

# खालिस्तानी, गैंगस्टर और तस्कर सब पर शिकंजा, NIA ने 6 राज्यों में 100 जगहों पर मारी रेड




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार की सुबह गैंगस्टरों, खालिस्तानियों और तस्करों की सांठगांठ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए देश के 6 राज्यों में 100 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में गैंगस्टरों और खालिस्तानियों की गतिविधियों से संबंधित सुरागों के आधार पर छापेमारी की जा रही है। यह छापेमारी लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़, नीरज बवाना समेत दर्जन भर गैंगस्टर्स के करीबियों पर की गई है।

केंद्रीय एजेंसियों, दिल्ली पुलिस और अन्य राज्यों की पुलिस ने पिछले सात महीनों से देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ पाकिस्तान, कनाडा, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका जैसे देशों संचालित हो रहे इन संगठित अपराधियों और आतंकवादियों का पीछा किया है। इस दौरान कई गैंगस्टरों की गिरफ्तारी भी की गई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच जैसी इकाइयों ने पिछले छह-सात महीनों में गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ के 51 कट्टर शीर्ष गुर्गों और 217 मध्य स्तर के अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनसे एके-47, एमपी-5, ग्रेनेड लांचर और हथगोले आदि सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि जैसे राज्यों में पुलिस ने पूरे गैंगस्टर-नेटवर्क को खत्म करने के लिए दर्जनों बार छापे मारे हैं। इसके अलावा एनआईए ने पिछले छह-सात महीनों में सात राज्यों में पांच राउंड में 200 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर लगभग 30 गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। 13 संपत्तियों को भी जब्त कर लिया है।

Uttarpradesh

# एकतरफा प्यार में पागल सिरफिरे ने भाई के सामने बहन को जिंदा जलाया, चीखें सुन सदमे में चला गया मासूम



**मैनपुरी, (एजेंसी)** यूपी के मैनपुरी में दिल दहला देने वाली वारदात हुई है। यहां एकतरफा प्यार में पागल हुए एक सिरफिरे ने लड़की के इनकार पर उसे जिंदा जला दिया। यह सब लड़की के आठ साल के मासूम भाई की आंखों के सामने हुआ। बहन की चीखें सुनकर मासूम सदमे में चला गया है। लड़की 11 वीं में पढ़ती थी। उसकी उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है।

यह घटना, मैनपुरी के कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। अंकित नाम के सिरफिरे ने किशोरी के घर में घुसकर उसे जिंदा जला दिया। इसके बाद वह भाग निकला। किशोरी ने सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर घर पर किशोरी और उसका छोटा भाई ही थे। तभी पड़ोस में रहने वाला अंकित पुत्र राजवीर घर में पहुंच गया। किसी बात पर दोनों में कहासुनी हुई। इसके बाद अंकित ने किशोरी के ऊपर उसके घर में रखे डीजल को उड़ेल दिया और आग लगा दी। जब तक किशोरी को आग से बचाया जाता वह बुरी तरह झुलस चुकी थी। परिजन किशोरी को सैफई मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर सीओसिटी संतोष कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार सेंगर के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। सीओसिटी का कहना है कि किशोरी के शव का सैफई में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रेम संबंधों को लेकर युवक द्वारा आग लगाने की बात सामने आई है। घटना के बाद आरोपी फरार है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर, आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी युवक एक फोटोग्राफर की दुकान पर रहकर काम करता है और किशोरी हाईस्कूल की परीक्षा पास कर 11वीं कक्षा में आई थी।

Uttarpradesh

# ये कैसा खून का रिश्ता : जिगर के टुकड़े ने ही उजाड़ दिया परिवार, मां-बाप पर सांसें टूटने तक चाकू से करता रहा वार

**मेरठ, (एजेंसी)** अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि खून का रिश्ता है ऐसे ही थोड़ी न विश्वासघात करेगा लेकिन, 22 साल के आर्यन ने खून के रिश्ते को भी कलंकित कर दिया। जिस इकलौते बेटे को बड़े लाड-प्यार से पाला उसी जिगर के टुकड़े ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पहले पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी फिर मां को भी मौत के घाट उतार दिया।

हत्यारोपी बेटे ने पुलिस अफसरों के सामने वारदात का सच उगला तो हर कोई दंग रह गया। हत्यारोपी आर्यन ने बताया कि उसने और उसके दोस्त ने तब तक दोनों पर वार किए, जब तक उनकी आखिरी सांस नहीं टूट गई।

वहीं, इस घटना के बारे में जिसने भी सुना उकी रूह कांप गई। लहूलुहान कमरे की हालत देखकर हर किसी के मन में सिर्फ एक ही सवाल था कि आखिर अपना ही बेटा ऐसा कैसे कर सकता है।

Gujrat

# PM मोदी से मांगी MBBS छात्रा ने मदद, 200 सरकारी कर्मचारियों ने दे दी अपनी एक दिन की सैलरी

**भरूच, (एजेंसी)** गुजरात में भरूच जिले के कलेक्टर तुषार सुमेरा और अन्य करीब 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने अपना एक दिन का वेतन छात्रा को दान किया है. इससे MBBS स्टूडेंट आलियाबानू पटेल की दूसरे सेमेस्टर की 4 लाख रुपये की फीस भरी जा सकेगी. आलियाबानू के पिता नेत्रहीन हैं. आलियाबानू ने 12वीं में 79.80 प्रतिशत अंक हासिल किए थे. इसके बाद बीते साल वड़ोदरा के पारुल विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था. आलियाबानू को अपनी पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहा है. आलियाबानू ने आर्थिक मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और प्रशासन को पत्र लिखा था. पिछले साल एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मदद का आश्वासन दिया था.

## खेल

# लखनऊ ने मुंबई को पांच रन से हराया, स्टोइनिस का अर्धशतक



**लखनऊ, (एजेंसी)** आईपीएल 2023 के 63वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने मुंबई इंडियंस को पांच रन से हरा दिया। इस रोमांचक मुकाबले में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 177 रन बनाए थे। इसके जवाब में मुंबई की टीम पांच विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी और मैच हार गई। लखनऊ के लिए मार्कस स्टोइनिस ने सबसे ज्यादा नाबाद 89 रन बनाए। वहीं, कप्तान क्रुणाल पांड्या ने 49 रन की पारी खेली। मुंबई के जेसन बेहरनडॉर्फ ने दो विकेट लिए। मुंबई के लिए ईशान किशन ने 59 और रोहित शर्मा ने 37 रन बनाए। टिम डेविड ने नाबाद 32 रन की पारी खेली। लखनऊ के यश ठाकुर और रवि बिश्नोई ने दो-दो विकेट लिए।

इस जीत के साथ लखनऊ की टीम 15 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, मुंबई इंडियंस 14 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। अब आरसीबी के पास बाकी दो मैच जीतकर मुंबई से आगे निकलने का मौका है। वहीं, चेन्नई की टीम अपना आखिरी मैच बड़े अंतर से जीतकर दूसरे स्थान पर बनी रह सकती है। गुजरात की टीम पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। बाकी सभी टीमों को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए लीग मैच के बाकी मुकाबले जीतने होंगे।

### लखनऊ ने बनाए 177 रन

मार्कस स्टोइनिस के नाबाद अर्धशतक और क्रुणाल पंड्या की संयम भरी पारी से लखनऊ सुपरजाएंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 177 रन का स्कोर बनाया। स्टोइनिस ने 47 गेंदों में नाबाद 89 रन बनाए, जबकि क्रुणाल ने 42 गेंदों में 49 रन की पारी खेली। स्टोइनिस ने चार चौके और आठ छक्के लगाए। वहीं, क्रुणाल ने एक चौका और एक छक्का लगाया। मुंबई की ओर से जेसन बेहरनडॉर्फ ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर क्रुणाल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़कर चले गए। स्टोइनिस और क्रुणाल ने चौथे विकेट के लिए 59 गेंदों में 82 रन की साझेदारी निभाकर टीम को शुरुआती झटकों से बाहर निकाला। एक समय लखनऊ तीन विकेट पर 35 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।

17 ओवर तक लखनऊ का स्कोर तीन विकेट पर 123 रन था, लेकिन स्टोइनिस ने 18वें ओवर में जॉर्डन की गेंदों पर दो छक्के और तीन चौके लगाकर 24 रन बना डाले। उन्होंने 19वें ओवर में बेहरनडॉर्फ की गेंदों पर दो छक्के लगाकर 15 रन बनाए। आखिरी ओवर आकाश मेधवाल ने किया और उनके ओवर में 15 रन बनाए। उनकी पांचवीं गेंद पर जॉर्डन ने पूरन का कैच छोड़ दिया। आखिरी गेंद पर स्टोइनिस ने छक्का लगा दिया। स्टोइनिस और पूरन ने पांचवें विकेट के लिए 24 गेंदों में तेजी से नाबाद 60 रन की साझेदारी की।

## सिनेमा

# असित मोदी की बात सुनकर कांपने लगी थी, यौन शोषण पर बोलीं 'तारक मेहता' की एक्ट्रेस



तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री ने हाल ही में सीरियल के निर्माता असित मोदी पर यौन शोषण का आरोप लगाया। जेनिफर शो में रोशन सोढ़ी का किरदार निभाती आई हैं। वह पिछले 15 सालों से शो से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने इस मामले में विस्तार से बताया कि जब पूरी टीम सिंगापुर में कुछ एपिसोड की शूटिंग के लिए गई थी तब असित मोदी के व्यवहार से वह बेहद असहज हुई थीं। जेनिफर ने बताया कि उस वक्त उन्होंने साथ के दो लोगों को इस बारे में बताया भी था। उन्होंने अपने तरीके से उन्हें प्रोटेक्ट करने की कोशिश की थी।

**सिंगापुर की बताई घटना-** जेनिफर ने ई-टाइम्स से बात करते हुए कहा, 'मार्च 2019 में हम सिंगापुर में थे। हमारी पूरी टीम थी जहां पर असित जी ने मुझे सबसे ज्यादा मौखिक तौर पर शोषण किया था, उन्होंने सेक्शुअली चीजें बोलीं। 7 मार्च 2019 को मेरी शादी की सालगिरह थी। 8 मार्च को उन्होंने मेरे को बोला 'अभी तो तुम्हारी एनिवर्सिरी खत्म हो गई। अब किस बात का गिल्ट... आ जाना मेरे कमरे में, व्हिस्की पीते हैं।' मैंने उन्हें अवाइड किया। फिर उन्हें मुझे अगले दिन बोला, 'तुम्हारी रूम पार्टनर तो रात को चली जाती है, घुमने जाती है, तुम क्या करती हो अकेले रूम में? आ जाया करो, व्हिस्की पीते हैं'। मैंने फिर इग्नोर किया कि बाहर हूं, अंजान देश में हूं, क्या करूं? मेरे हसबैंड नहीं हैं। कोई नहीं है।'

# मोबाइल लॉक कर युवक ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शिप्रा इलाके में रहने वाले 19 साल के एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। माता-पिता काम पर गए हुए थे। वहीं घर की दो बहनें दोपहर में एक्जाम के लिये निकल गई थी। शाम करीब 7 बजे मां जब घर पहुंची तो बेटे ने गेट नहीं खोला। पड़ोसियों की छत से घर पर पहुंची तो बेटा फंदे पर लटके हुआ था। बाद में उसे परिजन एमवाय अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

शिप्रा पुलिस के मुताबिक आशीष पुत्र कमल गौड़ निवासी लवकुश कॉलोनी मांगलिया ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। शाम करीब साढ़े सात बजे मां रामकुंवर बाई घर आई तो बेटे आशीष को फंदे पर लटके देखा। आशीष बैग फैक्ट्ररी में काम करता था। उसकी नाइट शिफ्ट चल रही थी। दोपहर में वह उठा था। जब बहनें एक्जाम के लिये इंदौर आ गई थी। इसके बाद वह घर पर अकेला था।

### मोबाइल में मिला लॉक

आशीष तीन भाई बहनों में इकलौता भाई था। उसने कुछ साल पहले ही पढ़ाई छोड़ दी थी। जिसके बाद वह फैक्ट्री में काम करने लगा। आशीष के माता-पिता भी नौकरी पर जाते थे। परिचित ने बताया कि आशीष के पास से कोई सुसाइड नोट तो नहीं मिला। लेकिन वह अपने मोबाइल में कभी लॉक नहीं लगाता था। उसके पास से जो मोबाइल मिला है। उसमें लॉक लगा हुआ है। संभवतः आशीष मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। उसके बाद उसने इस तरह का कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस अब मामले में जांच कर रही है।

## सात साल बाद पुलिस ने बच्चे को खोज निकाला

● हत्या के मामले में राजस्थान जेल में था बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने सात साल पहले लापता हुए बच्चे को खोज निकाला है। आधार कार्ड में उसका नंबर अपडेट होने पर पुलिस ने जानकारी निकाली तो पता चला कि वह हत्या के मामले में राजस्थान जेल में बंद है। इस पर पुलिस उसके परिजनों को साथ लेकर जेल पर पहुंची और उन्हें बच्चे से मिलाया।**

साई विहार कॉलोनी में रहने वाला 14 साल का नाबालिग 2017 में लापता हो गया था। उस समय उसके आधार कार्ड पर पिता का नंबर था। उसका पता किया गया तो एक दूसरा नंबर आधार कार्ड पर अपडेट हो गया था। टीआइ कुलदीप खत्री ने बताया कि आधार कार्ड की जानकारी मांगी, लेकिन यूआइडीएआइ ने नियमों का हवाला देकर देने से मना कर दिया। इस पर हाइकोर्ट में पुलिस ने अपील की। पुलिस की याचिका पर कोर्ट ने आदेश दिया। इस पर नया मोबाइल नंबर पुलिस को मिला। यह अपडेट राजस्थान में होने के बारे में पता चला। इस पर साफ हो गया कि बच्चा राजस्थान के सिरोही जिले में है। मोबाइल नंबर की जांच की गई तो वह नंबर महाराष्ट्र के किसी व्यक्ति के नाम पर निकला।

उससे संपर्क किया गया तो पता चला कि नंबर एक युवक रहा है। वह सिरोही में वेटर का काम करता है। अभी सिरोही जेल में हत्या के मामले में बंद है। बाद स्थानीय पुलिस से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि युवराज उर्फ दीपक वर्मा ने 2020 में हत्या कर दी थी। इस पर पुलिस ने राजस्थान कोर्ट में आवेदन दिया। कोर्ट के आदेश के बाद बालक को दस्तयाब किया गया। इसके साथ ही उसकी मां को भी जेल में मिलाया गया। सात साल बाद मां अपने बेटे से मिल सकी।

## 18वीं मैरिज एनिवर्सरी के 5 दिन पहले लगा ली फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परदेशीपुरा में प्रिंटिंग प्रेस पर काम करने वाले एक युवक ने सुसाइड कर लिया। परिवार ने बताया कि पत्नी उसके साथ नहीं रहना चाहती थी। पत्नी ने मायके जाकर अन्नपूर्णा थाने में पति की शिकायत कर दी। इसके चलते तीन माह से वह लगातार थाने के चक्कर काट रहा था। 22 मई को उनकी शादी की 18वीं सालगिरह थी। उन्हें शादी के बाद से कोई बच्चा नहीं था। इसके चलते पति-पत्नी में अनबन होती थी। पुलिस ने अब मामला जांच में लिया है।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक राजू (45) पिता रामपाल मोहलिया ने मंगलवार को फांसी लगा ली। वह अपने कमरे में था। उसे सबसे पहले छोटे भाई के 10 साल के बेटे ने देखा। बड़े पापा को फंदे पर लटके देख बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। इसके बाद दादी और परिवार के अन्य लोग राजू के कमरे में पहुंचे और उसे नीचे उतारा। उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले गए, लेकिन यहां डॉक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया।

### 17 साल की शादी के रिश्ते को छोड़ गई पत्नी

परिवार के लोगो ने बताया कि राजू पिछले तीन माह से काम भी नही कर पा रहा था। उसकी पत्नी अन्नपूर्णा इलाके के महावर नगर में अपने मायके चली गई थी। यहां जाकर अन्नपूर्णा थाने में पत्नी ने राजू के खिलाफ शिकायत कर दी थी। यहां से पूछताछ और बयान के लिए पुलिस राजू को अकसर बुलाती थी। इससे वह काफी परेशान हो गया था। रिश्तेदारों ने बताया कि दोनों की शादी को 22 मई को 18 साल होने वाले है। लेकिन उन्हें कोई बच्चा नही था। जिसके कारण आए दिन उनके पारिवारिक जीवन में विवाद होता रहता था।

### पत्नी नहीं आना चाहती थी

राजू ने थाने में कई बार पुलिस के सामने कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ रहना चाहता है। लेकिन पत्नी साथ रहने को तैयार नही थी। कुछ दिन पहले भी ससुराल बुलाकर उसके साथ बुरा व्यवहार किया गया था। जिससे वह काफी परेशान हो गया था। पुलिस के मुताबिक मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में जांच की जा रही है।

## युवती के साथ होटल आए युवक ने कर्मचारियों को पीटा

**इंदौर। भोलाराम उस्ताद मार्ग के पास स्थित एक होटल में एक युवती के साथ रुके खरगोन के युवक ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की। घटना का सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।**

जानकारी के अनुसार एसपी 13 होटल के कर्मचारी सोनू पिता धर्मेंद्र की रिपोर्ट पर सौरभ मालवीय निवासी खरगोन और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी सोनू ने बताया कि 1 दिन पहले सौरभ होटल में आकर रुका था। चेकआउट के समय उसने बिल देने की बात पर खाने में कमियां बताइ इसके साथ ही होटल की व्यवस्थाओं में भी कमियां बताने लगा। सोनू ने इस मामले में सौरव से कहा कि वह पहले शिकायत करता तो इसमें सुधार करते। इस पर सौरभ विवाद करने लगा और रुपए नहीं देने पर अड़ गया। बाद में सोनू के जोर देने पर सौरभ बिल का पेमेंट कर चला गया। कुछ देर बाद वह वापस अपने साथियों के साथ आया और होटल कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए तोडफ़ोड़ कर धमकी देकर भाग गए।

## भाजपाइयों ने हवालात के बाहर दिया धरना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के कोतवाली थाने का भाजपा के कार्यकर्ताओं ने घेराव कर दिया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता थाने के अंदर घुस कर हवालात के बाहर ही धरने पर बैठे गए। वह लस्सी पीते हुए श्री राम जय राम जय जय राम के भजन गाते हुए नजर आए।**

शहर भाजपा के महामंत्री राजेश वर्मा के खिलाफ बिजली विभाग के अधिकारियों ने सोमवार देर शाम शासकीय कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद मंगलवार दोपहर को महामंत्री राजेश वर्मा के साथ भाजपा के कार्यकर्ता थाने के अंदर ही हवालात के सामने बैठकर धरना दे दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम सभी के खिलाफ शासकीय काम में बाधा का मुकदमा दर्ज करें। बिजली विभाग ने महामंत्री पर झूठी शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच होना चाहिए। मामले में कोतवाली टीआई महेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि इस मामले में भी जांच की जा रही है।

## छात्रा को सहपाठी ने किया ब्लैकमेल, लाखों के जेवर हड़पे

**इंदौर**। बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा के साथ उसके ही सहपाठी ने छेड़छाड़ की है। आरोपी उसे ब्लैकमेल करके लाखों रुपए कीमत के जेवर ले चुका है। इसके बाद भी उसे परेशान कर रहा है। उस पर शादी का दबाव बना रहा है। परेशान होकर उसने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके साथ में स्कूल में पढ़ता है। इसी के चलते उससे दोस्ती हो गई थी। इसी गलत फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ में फोटो ले लिए थे। आरोपी ने उसके आगे शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर उसने मना कर दिया। इसके बाद से ही आरोपी उस पर शादी का दबाव बना रहा है। इसके साथ ही उस पर घर से रुपए लाने के लिए दबाव बना रहा है। उसे धमकी दे रहा है कि अगर उसे रुपए नहीं दिए तो उसके फोटो वायरल कर देगा। इस तरह से आरोपी अब तक 40 हजार रुपए और लाखों रुपए कीमत के जेवर ले चुका है। आरोपी अब भी उस पर दबाव बना रहा है कि और रुपए उसे दे। उसने घर जाते हुए रास्ता रोका और उसके साथ में छेड़खानी की। उसे धमकाया कि बात नहीं मानी को घर वालों को जान से मार देगा।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।